Seventeenth Loksabha

an>

Title: Need to set up sewage treatment plant in drains in North East Delhi Parliamentary Constituency -laid.

श्री मनोज तिवारी (उत्तर पूर्व दिल्ली): मैं अपने संसदीय क्षेत्र की एक बड़ी आबादी क्षेत्र में पानी निकासी न होने जैसी बड़ी समस्या की ओर सरकार का ध्यान दिलाना चाहता हूँ जिसके कारण करावल नगर, मुस्तफाबाद, गोकलपुर, घोंडा, बुराडी विधान सभा की दर्जनों कालोनियों में गंदे पानी का जल जमाव हो जाता है और भूजल भी जहरीला हो रहा है। गंदे पानी के जल जमाव से हरियाली नष्ट हो रही है और कई जल-जनित बीमारियाँ पनप रही है। मेरे द्वारा गोद लिए अकेले आदर्श गाँव सभापुर में इसी कारण से कैंसर से पीडित होकर लगभग आधा दर्जन लोगों की मौत हो गयी जबकि कई अन्य लोगों का इलाज चल रहा है।

मै शहरी विकास मंत्री जी से अनुरोध करना चाहता हूँ कि लाखों लोगों के जन स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए अमृत योजना के तहत इन क्षेत्रो में स्थित सभी बड़े नालों पर सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट लगाये जाएं जिससे नालों के पानी को शोधित कर विभिन्न कार्यो में उपयोग किया जा सके और भूजल को जहरीला होने से बचाने के साथ ही गंदगी और जहरीले पानी से होने वाली कैंसर जैसी जानलेवा बीमारियों से बड़ी आबादी को बचाया जा सके और पर्यावरण की रक्षा भी हो सके।